बीएचईएल
BHEL

**भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)**
**मानव संसाधन (हीप), रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)**

# परिपत्र

मा.सं./भर्ती/ट्रेड अप्रेंटिस/अप्रैल 2021/106 दिनांक: 01.03.2021

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में निम्नलिखित व्यवसायों (Trades) में आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ट्रेड अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण अप्रैल 2021 बैच हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने आई.टी.आई. उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी नहीं किया है तथा न ही अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 व उसमें समय-समय पर संशोधन के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स न कर रहा हो। अन्य अर्हताएँ निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | ट्रेड | रिक्तियों की संख्या | आयु सीमा (1 अप्रैल 2021 को) एवं छूट | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिटर | 101 | • न्यूनतम: 18 वर्ष<br>• अधिकतम: सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 27 वर्ष, अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 30 वर्ष एवं अनु. जाति /जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 32 वर्ष<br>• 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों (अस्थि बाधित/श्रवण बाधित/दृष्टि बाधित) को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। | हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2018, 2019, 2020 या 2021 में आई.टी.आई. नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे। वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन तथा इलेक्ट्रॉनिक्स (मैके.) ट्रेड में एस.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2018, 2019, 2020 या 2021 में आई.टी.आई. नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। |
| 2 | टर्नर | 28 | | |
| 3 | मशीनिष्ट | 66 | | |
| 4 | वेल्डर | 31 | | |
| 5 | इलेक्ट्रीशियन | 39 | | |
| 6 | ड्राफ्ट्समैन (मैके.) | 03 | | |
| 7 | इलेक्ट्रॉनिक्स (मैके.) | 02 | | |
| 8 | मोटर मैके. वेहिकल | 01 | | |
| 9 | कारपेन्टर | 01 | | |
| 10 | फाऊण्ड्रीमैन | 09 | | |
| | कुल | 281 | | |

**नोट: 1. चयन प्रक्रिया के तहत उपर्युक्त रिक्तियों को सर्वप्रथम उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा। तत्पश्चात शेष रिक्तियों को अन्य राज्य के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा।**
**2. उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन भी सम्भव है।**

<u>महत्वपूर्ण निर्देश</u>

- ❖ प्रशिक्षण अवधि भारत का राजपत्र (The Gazette of India), दिनांक 2 मार्च 2017 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष होगी।
- ❖ अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.org) पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पंजीकरण करने के बाद वेबसाइट द्वारा या ईमेल पर प्राप्त पंजीकरण संख्या (Registration No.) का प्रिंटआउट लेकर अवश्य रखें, क्योंकि इसे बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दिया जाता है कि अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण करते समय सभी विवरण सावधानीपूर्वक चेक अवश्य करें। वे अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण करने के उपरान्त अपने अप्रेंटिसशिप प्रोफाइल द्वारा 'Apprenticeship Opportunities' में जाकर निर्धारित बिन्दुओं को भरते हुए 'BHEL HEAVY ELECTRICALS Ltd (HEEP & CFFP)' संस्थान search कर अपने ट्रेड में उपलब्ध सीटों हेतु apply भी करें।

**नोट:** अभ्यर्थी यह भी ध्यान दें कि जिन्होने पूर्व में अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.org) पर पंजीकरण किया है उन्हे दुबारा पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लें कि पंजीकरण के दौरान आपके द्वारा निर्धारित दस्तावेजों का विवरण भरते हुए आवश्यकतानुसार इसे अपलोड भी कर दिया गया है। अभ्यर्थी मुख्य रूप से यह अवश्य सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण करते समय अंकित आधार संख्या सही हो, इस आधार कार्ड में उनका नाम, पिता का नाम व जन्मतिथि इत्यादि विवरण पूर्णतया सही हो (नाम में spelling mistake नहीं होना चाहिए) तथा पोर्टल द्वारा Aadhar Verification के स्थान पर यह अवश्य लिखा हो कि "Your Aadhaar is verified Successfully !!"। किसी प्रकार की त्रुटि की दशा में अपने आधार कार्ड या प्रोफाइल सम्बंधी त्रुटि को यथाशीघ्र ठीक करा लें। अप्रेंटिसशिप प्रोफाइल में किसी प्रकार की त्रुटि होने की दशा में, जिससे आपकी ऑनलाइन ज्वाइनिंग प्रभावित होगी, आपका आवेदन अयोग्य माना जाएगा। अप्रेंटिसशिप पोर्टल द्वारा पंजीकरण या अन्य सम्बंधित जानकारी हेतु उनके पोर्टल पर दिए गए सम्पर्क सूत्र से ही सम्पर्क करें, कृपया इस सम्बंध में हमसे कोई पूछताछ न करें।

❖ अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.org) द्वारा प्राप्त पंजीकरण संख्या (Registration No.), उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट https://hwr.bhel.com/recruitment पर **"Engagement of Trade Apprenticeship for April'2021, BHEL Haridwar"** के अंतर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भरते समय आवश्यक है।

❖ अनु. जनजाति व अनु. जाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिस एक्ट के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य के लिए निर्धारित कुल सीटों के क्रमशः 1:3 व 1:6 के अनुपात में होगा। अन्य पिछडा वर्ग, ईडब्ल्यूएस (EWS) एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण उत्तराखण्ड राज्य सरकार के नियमानुसार दिया जाएगा।

❖ अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों का दिनांक **01.04.2019 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) या जिस जाति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है,** मान्य नहीं होगा।

❖ **ईडब्ल्यूएस (EWS) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए वितीय वर्ष 2019-2020 के आय (Income) के आधार पर बनाया गया ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।**

❖ अभ्यर्थियों को NCVT बोर्ड से ही आई.टी.आई. उत्तीर्ण किया होना चाहिए, परन्तु इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स (मैके.) तथा वेल्डर ट्रेड के SCVT बोर्ड से आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र होंगे।

❖ वे अभ्यर्थी जिन्होने आई.टी.आई. व्यक्तिगत अभ्यर्थी के रूप में (as a private candidate) किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं है।

❖ वर्ष 2018 या 2018 के बाद आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनको बोर्ड द्वारा अंकपत्र प्राप्त हो गया है, ही आवेदन करने के पात्र होंगे। **वे अभ्यर्थी जिन्हें आई.टी.आई. का परीक्षाफल / अंकपत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।**

**<u>नोट:</u> बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों (पति/पत्नी/पुत्र/पुत्रियों) के लिए आई.टी.आई. उत्तीर्ण वर्ष में 3 वर्ष तक अतिरिक्त छूट का प्रावधान है, बशर्ते आर.डी.एस.डी.ई. द्वारा उनका ऑनलाइन कॉन्ट्रेक्ट अनुमोदित हो सके, परन्तु अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.org) पर पंजीकरण तथा इसके आधार पर अप्रेंटिसशिप प्रोफाइल द्वारा 'Apprenticeship Opportunities' में जाकर निर्धारित बिन्दुओं को भरते हुए 'BHEL HEAVY ELECTRICALS Ltd (HEEP & CFFP)' संस्थान search कर अपने ट्रेड में उपलब्ध सीटों हेतु apply करना अनिवार्य है।**

**<u>वृतिका (Stipend):</u>**

सभी चयनित वेल्डर, कारपेन्टर तथा फाऊण्ड्रीमैन ट्रेड के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में रू. 7700/- प्रतिमाह तथा फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स (मैके.), ड्राफ्ट्समैन (मैके.) तथा मोटर मैकेनिक वेहिकल ट्रेड के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में रू. 8050/- प्रतिमाह देय होगा।

**<u>स्वास्थ्य:</u>**

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिए गए प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 व समय-समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

**<u>चयन प्रक्रिया:</u>**

सभी अभ्यर्थियों का **चयन सीधे मेरिट बनाते हुए किया जाएगा**। अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस हेतु चयन आई.टी.आई. एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों (आई.टी.आई. अंक प्रतिशत का 70% वेटेज व हाई स्कूल अंक प्रतिशत का 30% वेटेज लेते हुए) के मेरिट के आधार पर किया जायेगा। आई.टी.आई. एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों के भारित औसत (Weighted average) समान अंक होने की दशा में आई.टी.आई. अंक प्रतिशत के आधार पर वरीयता दी जाएगी तथा इसके भी समान होने की दशा में अधिक उम्र के अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

यदि किसी ट्रेड में योग्य अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को सीधे तौर पर नियुक्ति के लिए बुलाया जाएगा।

रिक्तियों का 20% तक, बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों, यदि वे अन्य अर्हताओं को पूरा करते हों, द्वारा भरा जाने के लिए चिन्हित (earmarked) होगा तथापि यह छूट अनुसूचित जाति / जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस (EWS) और शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए अनुपात / आरक्षण मानदंड को पूरा करने के लिए वैधानिक दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए दी जाएगी।

***नोट : आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।***

❖ आवेदन से सम्बंधित किसी भी उचित पूछताछ के लिए दूरभाष संख्या 01334-28-5835 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## आवेदन कैसे करें:

**स्टेप 1 :**

❖ उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए पहले अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.org) पर पंजीकरण करें।

**स्टेप 2 :**

❖ बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट **https://hwr.bhel.com/recruitment** द्वारा **"Engagement of Trade Apprenticeship for April'2021, BHEL Haridwar"** के अंतर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (Apply Online) भरें।

❖ इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार आवेदन को भरने, जमा करने तथा चयन से सम्बंधित सभी दिशानिर्देशों के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें।

❖ **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपना पूर्ण विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति, हाईस्कूल एवं आई.टी.आई. अंक इत्यादि बिल्कुल सहीं भरें क्योंकि मेरिट सूची बनाने हेतु भरे गए विवरण को ही आधार माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी भरने में कोई गलती करता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की ही होगी।**

❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र पार्ट 2 (**https://hwr.bhel.com/recruitment** )में अपना **30 kb तक का .jpg या .jpeg प्रारूप में स्कैन नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो** अपलोड करना होगा। इसके अलावा इसी साईट पर **हाईस्कूल अंकपत्र, आई.टी.आई. अंकपत्र, जाति प्रमाणपत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो), शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो), आधार कार्ड तथा उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों के लिए मूल निवास प्रमाणपत्र (Domicile)** भी **500 kb तक का pdf प्रारूप में स्कैन कर** अपलोड करना अनिवार्य होगा।

❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद पावती पत्र (Acknowledgement Slip) एवं **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित दस्तावेजों को अंतिम तिथि तक भेजना होगा। अंतिम तिथि के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।

❖ **वेबसाइट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरे बिना, फोटो या उपरोक्त दर्शाये गये दस्तावेजों को अपलोड किए बिना या पावती पत्र (Acknowledgement Slip) आवश्यक दस्तावेजों के साथ नहीं जमा करने पर आवेदन अस्वीकार्य होंगे।** इस सम्बंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।

❖ बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरान्त ऑनलाइन प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट आउट लें तथा **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित अन्य दस्तावेजों के साथ लिफाफे में डालकर एवं उसके ऊपर **"ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण अप्रैल 2021 हेतु आवेदन पत्र"** लिख कर दिनांक **15.03.2021 तक निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से (स्वयं)** जमा करना होगा।

**कार्यपालक (मा.सं.)**
**कक्ष संख्या 29, मानव संसाधन – भर्ती अनुभाग**
**मुख्य प्रशासनिक भवन, बी.एच.ई.एल., हीप**
**रानीपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) – 249403**

नोट: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए पावती पत्र (Acknowledgement Slip) एवं **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित दस्तावेजों के साथ **"Form for Employee Ward"** भी जमा करना होगा।

## सामान्य निर्देश:

❖ अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरान्त यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं हैं तो आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।

❖ **अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन के पार्ट 2 में संलग्न करना होगा अन्यथा उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा :**

1. हाईस्कूल अंकपत्र,

2. आई.टी.आई. कंसोलिडेटेड अंकपत्र (कंसोलिडेटेड नहीं होने की दशा में सभी सेमेस्टर के अंकपत्रों को एक साथ स्कैन करते हुए), 3. आधार कार्ड,

4. जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो),

5. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।

6. उत्तराखण्ड के निवासी सम्बंधित मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) **[बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए अनिवार्य नहीं है]**

❖ ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात सभी अभ्यर्थियों को अपने निम्न दस्तावेजों की स्वप्रमाणित (self-attested) छायाप्रति पावती पत्र के साथ संलग्न करके **दिनांक 15.03.2021 तक डाक द्वारा / व्यक्तिगत रूप से** जमा करना अनिवार्य होगा :

1. अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.org) द्वारा पंजीकरण के उपरान्त वेबसाइट द्वारा प्राप्त (पंजीकरण करने के उपरान्त पोर्टल द्वारा एक pop-up message आता है जिसमें पंजीकरण संख्या अंकित होता है) या ईमेल पर प्राप्त पंजीकरण संख्या सम्बंधी साक्ष्य।
2. हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र (यदि किसी आवेदक के हाईस्कूल अंकतालिका में ग्रेड प्वाइंट (Grade Point) दर्शाया गया हो तो % अंक में परिवर्तित करने का फॉर्मुला सम्बंधी साक्ष्य प्रति लगाना अनिवार्य है।),
3. आई.टी.आई. कंसोलिडेटेड अंकपत्र (कंसोलिडेटेड नहीं होने की दशा में सभी सेमेस्टर के अंकपत्र),
4. उत्तराखण्ड के निवासी सम्बंधित मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) **[बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए अनिवार्य नहीं है]**
5. जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो),
6. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
7. आधार कार्ड,
8. पूर्णतया भरा हुआ Form for Employee Ward **[केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए लागू]**

❖ प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निर्धारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस सम्बंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

❖ इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस सम्बंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।

❖ चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

❖ चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अपने रहने, खाने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

❖ अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि केवल एक वर्ष की होगी। बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर बी.एच.ई.एल. में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा।

❖ इस प्रक्रिया से सम्बंधित कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नहीं दी जाएगी।

❖ अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि चयन प्रक्रिया से सम्बंधित जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट नियमित देखते रहें।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ (सम्भावित):**

| | |
|---|---|
| (क) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु आरम्भिक तिथि : | 01.03.2021 |
| (ख) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि : | 07.03.2021 |
| (ग) पावती पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति जमा करने की अंतिम तिथि : | 15.03.2021 |
| (घ) अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची घोषणा करने की तिथि: | 05.04.2021 |
| (ङ) ज्वाइनिंग हेतु रिपोर्ट करने की तिथियाँ: | 10.04.2021 से 16.04.2021 |

01/03/2021

वरि. उप महाप्रबंधक (मा.सं)

वितरण :

1. **जिला सेवायोजन अधिकारी हरिद्वार / कालसी (देहरादून)** } **सादर सूचनार्थ।**
2. **हरिद्वार नेट** }
3. **RDSDE, Dehradun (Uttrakhand) – 248171 – सादर सूचनार्थ (ईमेल द्वारा)।**
4. **समस्त सूचना पट्ट।**

प्रतिलिपि:

1. **कार्यलापक निदेशक (हीप) के स्टाफ अधिकारी : कार्यलापक निदेशक के सादर सूचनार्थ।**
2. **महाप्रबंधक (वाणिज्य, ई.सी.व पी., सी. एंड पी.आर.) - मा.सं. एवं न.प्र.** } **सादर सूचनार्थ।**
3. **समस्त डीआरओ** }